# विरोध की एक पद्धति के रूप में भूख हड़ताल

## प्रिलिम्स के लिये:

[विरोध का अधिकार](#), [जीवन का अधिकार](#), [अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार](#), IPC, BNS

## मेन्स के लिये:

**हड़ताल का माध्यम भूख**, भूख हड़ताल से संबंधित नैतिक दुविधा।

**स्रोत: द हिंदू**

## चर्चा में क्यों?

भूख हड़तालों ने हमेशा **कई जटिल नैतिक प्रश्न खड़े किये हैं,** जैसे कि क्या हड़ताल पर बैठे व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध उसे दवा देना उचित है या फिर क्या उसे ज़बरदस्ती खिलाना एक जोखिम भरी पद्धति है।

## भूख हड़ताल क्या है?

- परिचय:
  - भूख हड़ताल **विरोध का एक रूप है जिसमें स्वैच्छिक रूप से भोजन और कभी-कभी जल से भी वंचित रहना शामिल होता है।**
  - इनका उपयोग अन्याय को उजागर करके या परिवर्तन की मांग करके **दूसरों को प्रेरित करने, हतोत्साहित करने या दबाव डालने** के लिये किया जाता है।
  - विरोध की इस पद्धति को **अंतिम उपाय** के रूप में देखा जा सकता है, जब विरोध के अन्य साधन अनुपलब्ध या अप्रभावी हों।
- **भूख हड़ताल का ऐतिहासिक संदर्भ:**
  - **प्राचीन प्रथाएँ:**
    - **ईसाई-पूर्व आयरलैंड के नियमों** के अनुसार, **भुगतान न किये गए ऋण का विरोध करने** तथा ऋणदाता को शर्मिंदा करने के लिये **ट्रॉस्कैड (उपवास)** का पालन किया जाता था।
    - **कल्हण की राजतरंगिणी** (प्राचीन कश्मीर के शाही राजवंशों का विवरण) में भी**अवांछनीय शाही आदेशों या करों के खिलाफ भूख हड़तालों का कई बार उल्लेख मिलता है।**
  - **आधुनिक विकास:**
    - **रूसी राजनीतिक कैदी (1870 का दशक):** जेल की स्थितियों का विरोध करने के लिये भूख हड़ताल का सहारा लिया।
    - **आयरिश रिपब्लिकन (1917-1920):** थॉमस ऐश और टेरेंस मैकस्विनी जैसी प्रमुख हस्तियों की भूख हड़ताल के दौरान मृत्यु हो गई, जिससे आयरिश स्वतंत्रता आंदोलन की ओर ध्यान आकर्षित हुआ।
  - **भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों:**
    - **महात्मा गांधी:** उन्होंने उपवास को "सत्याग्रह के शस्त्रागार में एक महान हथियार" बताया और स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कम-से-कम 20 बार इस प्रकार का विरोध किया।
    - [जतिन दास (1929)](#)**:** राजनीतिक कैदियों के साथ अमानवीय व्यवहार को उजागर करने वाले 63 दिनों के भूख हड़ताल के बाद उनकी मृत्यु हो गई।
    - [भगत सिंह](#) **और** [बटुकेश्वर दत्त](#)**:** जेल की खराब स्थितियों का विरोध किया, जिससे व्यापक समर्थन और मीडिया का ध्यान आकर्षित हुआ।
- **स्वतंत्र भारत में भूख हड़ताल का आधुनिक संदर्भ:**
  - [पोट्टी श्रीरामुलु (1952)](#)**:** उनकी भूख हड़ताल के कारण आंध्र प्रदेश राज्य का गठन हुआ।
  - [इरोम शर्मिला (2000-2016)](#)**:** मणिपुर में [सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम (AFSPA)](#) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया तथा मानवाधिकार मुद्दों को उठाया।
    - उन्होंने 16 वर्षों तक भूख हड़ताल जारी रखी, लेकिन उन्हें समय-समय पर जबरदस्ती भोजन दिया जाता था।

    - **अन्ना हज़ारे:** उन्होंने **वर्ष 2011 में** भारत सरकार पर **कठोर भ्रष्टाचार विरोधी कानून** बनाने के लिये दबाव डालने हेतु **भूख हड़ताल** शुरू की थी।
- **हालिया उदाहरण:**
    - **मराठा समुदाय** के लिये आरक्षण की मांग को लेकर **कार्यकर्त्ता मनोज जरांगे-पाटिल का अनशन।**
    - **लद्दाख के लिये संवैधानिक सुरक्षा** हेतु **सोनम वांगचुक** की 21 दिन की भूख हड़ताल।
    - **फिलिस्तीनी कैदी खादर अदनान की वर्ष 2023 में 87 दिनों की भूख हड़ताल के बाद मृत्यु।**

## भूख हड़ताल के पक्ष में तर्क क्या हैं?

- **व्यक्तिगत स्वायत्तता और चुनाव की स्वतंत्रता:**
    - **स्वायत्तता:** भूख हड़ताल को **व्यक्तिगत स्वायत्तता** और आत्मनिर्णय की अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाता है। व्यक्तियों को अपने शरीर के बारे में निर्णय लेने और अपनी इच्छानुसार विरोध करने का अधिकार है।
    - **अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता:** भूख हड़ताल **अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता** का एक रूप है और व्यक्तियों के लिये शांतिपूर्ण तरीके से अपनी **असहमति व्यक्त करने** की एक पद्धति है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों और **विरोध के अधिकार** के साथ संरेखित है।
- **अहिंसक प्रतिरोध:**
    - **अहिंसा:** भूख हड़ताल **अहिंसक विरोध का एक रूप है,** जो **नैतिक रूप से हिंसक प्रतिरोध से बेहतर हो सकता है।** यह दृष्टिकोण दूसरों को नुकसान पहुँचाए बिना अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित कर सकता है।
    - **नैतिक उच्च तर्क:** दूसरों को कष्ट पहुँचाने के बजाय **व्यक्तिगत रूप से कष्ट सहने** का विकल्प चुनकर भूख हड़ताल करने वाले **लोग नैतिक उच्च तर्क का दावा कर सकते हैं।** व्यक्तिगत कष्ट सहन की उनकी इच्छा उस कथित अन्याय को उजागर कर सकती है जिसके खिलाफ वे विरोध कर रहे हैं।
- **अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित करना:**
    - **जागरूकता:** भूख हड़ताल **प्रभावी रूप से जनता और मीडिया का ध्यान** उन मुद्दों की ओर आकर्षित कर सकती है जिन्हें **अन्यथा अनदेखा किया जा सकता है।** इससे जागरूकता बढ़ सकती है और अधिकारियों पर **विरोध की जा रही शिकायतों को दूर करने** का दबाव बढ़ सकता है।
    - **प्रतीकात्मक शक्ति:** भूख हड़ताल का कार्य **शक्तिशाली प्रतीकात्मकता** रखता है। यह प्रदर्शनकारियों के दृढ़ विश्वास की गहराई और मुद्दे की गंभीरता को दर्शाता है, जो संभावित रूप से जनता की राय तथा समर्थन को प्रेरित करता है।
- **ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्त्व:**
    - **ऐतिहासिक उदाहरण:** भूख हड़ताल का इस्तेमाल कई **ऐतिहासिक संदर्भों में प्रभावी ढंग से किया गया है,** जैसे कि मताधिकार आंदोलन, महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और हाल ही में राजनीतिक कैदियों के लिये। यह ऐतिहासिक संदर्भ **इस प्रथा को नैतिक महत्त्व देता है।**
    - **सांस्कृतिक अनुनाद:** कुछ संस्कृतियों में, **भूख हड़ताल** विरोध और बलिदान के एक रूप के रूप में **गहराई से अनुनाद होती है (जैन की संथारा प्रथा)।** वे समुदाय और व्यापक समाज से सहानुभूति तथा एकजुटता प्राप्त कर सकते हैं।
- **सत्ता की गतिशीलता:**
    - सत्ता की गतिशीलता को चुनौती देना: भूख हड़ताल प्रदर्शनकारियों की मांगों को पूरा करने के लिये सत्ता में बैठे लोगों पर दबाव डालकर सत्ता की गतिशीलता को चुनौती दे सकती है। इससे बातचीत और संभावित रूप से शांतिपूर्ण समाधान हो सकता है।

## भूख हड़ताल के खिलाफ क्या तर्क हैं?

- **आत्म-क्षति और जीवन-रक्षण:**
    - **आत्म-क्षति:** भूख हड़ताल में **जानबूझकर खुद को भूखा रखना** शामिल है, जिससे **गंभीर स्वास्थ्य परिणाम** या यहाँ तक कि **मृत्यु भी** हो सकती है।
        - नैतिक दृष्टिकोण से, **जानबूझकर खुद को नुकसान पहुँचाना संकट की स्थिति** उत्पन्न कर सकती है, विशेषकर अगर विरोध करने के अन्य गैर-हानिकारक तरीके मौजूद हों।
    - **जीवन का संरक्षण: धार्मिक और दार्शनिक परंपराओं सहित** कई नैतिक ढाँचे, **जीवन के संरक्षण के महत्त्व पर ज़ोर देते हैं।** भूख हड़ताल, विशेष रूप से वह जो गंभीर स्वास्थ्य क्षरण या मृत्यु की ओर ले जाती है, **इन सिद्धांतों के विरुद्ध** हो सकती है।
- **ज़बरदस्ती और हेरफेर:**
    - **अवपीड़न/ज़बरदस्ती:** भूख हड़ताल को **ज़बरदस्ती के एक रूप के तौर पर** देखा जा सकता है, जिसमें प्रदर्शनकारियों की मांगों को पूरा करने के लिये अधिकारियों या जनता पर दबाव डाला जाता है।
        - यह किसी की अपनी **मांग की निष्पक्षता और वैधता के बारे में नैतिक प्रश्न** उठा सकता है।
    - **भ्रमित करना:** भूख हड़ताल में सहानुभूति और नैतिक अपराधबोध का फायदा उठाकर **सार्वजनिक भावना एवं निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को प्रभाव द्वारा भ्रमित किया जा सकता है,** जिससे हमेशा तर्कसंगत या न्यायसंगत परिणाम नहीं मिल सकते हैं।
- **दूसरों पर प्रभाव:**
    - **भावनात्मक बोझ:** भूख हड़ताल **परिवार, मित्रों और समर्थकों पर एक महत्त्वपूर्ण भावनात्मक बोझ** डाल सकती है जो तनाव, चिंता एवं अपराधबोध से पीड़ित हो सकते हैं।
        - यह निर्दोष पक्षों पर **विरोध के व्यापक प्रभाव** के संदर्भ में नैतिक चिंताओं को उत्पन्न होता है।
    - **ज़िम्मेदारी:** हड़ताल करने वाले की भलाई की ज़िम्मेदारी दूसरों पर पड़ सकती है जो व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिये हस्तक्षेप करने को बाध्य हो सकते हैं और यह संभावित रूप से **हड़ताल करने वाले की स्वायत्तता के विरुद्ध** हो सकता है।
- **प्रभावशीलता:**

    - **संदग्धि प्रभावशीलता:** इस बात की **कोई गारंटी नहीं** है कि **भूख हड़ताल अपने इच्छति लक्ष्यों को प्राप्त करेगी।** वरिोध की **आनुपातकिता और तर्कसंगतता** के बारे में नैतकि चतिाएँ भी उठाई जा सकती हैं।
    - **नैतकि परणािम:** सफल होने पर भी, **भूख हड़ताल के परणािम** हमेशा **नैतकि रूप से उचति नहीं** हो सकते हैं।
- **शोषण और भेद्यता:**
    - **शोषण: कैदयिों या हाशयि पर पड़े समूहों सहति** कमज़ोर व्यक्तयिों को अधकि प्रभावशाली अभनिेताओं द्वारा **भूख हड़ताल में भाग लेने के लयि मजबूर** कयिा जा सकता है **या उनपर प्रभाव डाला जा सकता है,** जसिसे शोषण और सूचति सहमतकि को लेकर चतिाएँ बढ़ सकती हैं।
        - इसे वास्तवकि वकिल्प के बजाय हताशा की नैतकि रूप से समस्याग्रस्त स्थतिकि के रूप में देखा जा सकता है।
- **कानूनी और चकित्सिा नैतकिता:**
    - **कानूनी दायतिव:** अधकिारयिों को **देखभाल के अपने कर्त्तव्य** के बारे में **कानूनी और नैतकि दुवधिाओं का सामना** करना पड़ सकता है।
        - उदाहरण के लयि, भूख हड़ताल/अनशन करने वाले को जबरन खाना खलिाना उनकी स्वायत्तता का उल्लंघन माना जा सकता है, लेकनि हस्तक्षेप न करना उपेक्षा के रूप में देखा जा सकता है।
    - **चकित्सिा नैतकिता:** स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को **रोगी की स्वायत्तता का सम्मान करने** और **जीवन को बचाने के अपने कर्त्तव्य के बीच संघर्ष का सामना** करना पड़ सकता है।
        - **"डू नॉ हार्म** अर्थात् कोई नुकसान न करें" के नैतकि सद्धिांत को भूख हड़ताल करने वाले द्वारा स्वयं को पहुँचाए गए नुकसान के माध्यम से चुनौती मलि सकती है।

## भूख हड़ताल के अन्य आयाम क्या हैं?

- **भूख हड़ताल पर महत्त्वपूर्ण वचिार:**
    - महात्मा गांधी**:** 'उपवास' शब्द को प्राथमकिता देते थे और इसे अहसिक वरिोध के रूप में इस्तेमाल करते थे।
        - सत्ता में बैठे लोगों से सुधार की मांग और उनकी अंतरात्मा को अपील करने के उद्देश्य से उपवास कयिा जाता था।
        - माना जाता था कि उपवास का इस्तेमाल अधकिारों को छीनने के बजाय "प्रेमी" (जसिे कोई प्यार करता है) के खलिाफ सुधार के लयि कयिा जाना चाहयि।
    - **डॉ. बी.आर. अंबेडकर:** ने भूख हड़ताल की 'असंवैधानकि वधि' के रूप में आलोचना की।
        - सामाजकि और आर्थकि उद्देश्यों को प्राप्त करने के लयि कानूनी फ्रेमवर्क के भीतर रचनात्मक दृष्टकिोण का आह्वान कयिा।
- **भूख हड़ताल के लयि कानूनी फ्रेमवर्क:**
    - जनिवा कन्वेंशन**: जनिवा कन्वेंशन ने घायल लड़ाकों/अनशनकारयिों के उपचार के लयि मानक तय कयि हैं, लेकनि यह स्पष्ट नहीं है कयि दशिा-नरि्देश भूख हड़ताल करने वालों पर कसि प्रकार लागू होते हैं।**
        - वरिोध के रूप में भूख हड़ताल को **युद्ध के वसि्तार** के रूप में देखा जा सकता है, जो स्वास्थ्य पेशेवरों की भूमकिा को जटलि बनाता है।
    - **भारतीय संदर्भ: मद्रास उच्च न्यायालय ने नरि्णय सुनाया था कि भूख हड़ताल पर बैठना** IPC की धारा 309 (आत्महत्या का प्रयास) **के तहत अपराध नहीं माना जा सकता है और यह आत्महत्या का प्रयास नहीं माना जाएगा।**
        - हालाँकि **BNS की धारा 224** के अनुसार, जो कोई भी व्यक्ति **कसिी लोक सेवक को अपना काम करने से रोकने** या मजबूर करने के लयि **आत्महत्या करने की कोशशि** करता है, उसे एक वर्ष तक की जेल, ज़ुर्माना, दोनों या सामुदायकि सेवा से दंडति कयिा जा सकता है।

## आगे की राह

- **स्पष्ट एवं वशिष्टि मांगें:** भूख हड़ताल के चरम उपाय को उचति ठहराने के लयि, मांगें स्पष्ट रूप से व्यक्त, वशिष्टि और प्राप्त करने योग्य होनी चाहयि। इससे यह सुनश्चिति होता है कि वरिोध केवल एक प्रतीकात्मक इशारा नहीं है, **बल्कि समाधान की संभावना के साथ एक लक्षति कार्रवाई** है।
- **स्वतंत्र मध्यस्थता:** एक **तटस्थ तीसरे पक्ष के मध्यस्थ को शुरू से ही शामलि कयिा जाना** चाहयि। उनकी भूमकिा **भूख हड़ताल करने वाले और संबंधति अधकिारयिों के बीच बातचीत को सुवधिाजनक** बनाना होगी, जसिका **उद्देश्य प्रदर्शनकारयिों के स्वास्थ्य या सुरक्षा से समझौता कयि** बनिा समाधान नकिालना होगा।
    - एक **स्वतंत्र नैतकि समीक्षा बोर्ड को भूख हड़ताल** की **आनुपातकिता का आकलन** करना चाहयि।
- **स्वास्थ्य देखभाल नैतकिता दशिा-नरि्देश: भूख हड़ताल करने वालों का इलाज करने वाले चकित्सिा पेशेवरों** के लयि स्पष्ट दशिा-नरि्देश स्थापति कयि जाने चाहयि।
    - इन दशिा-नरि्देशों में **जीवन को बचाने के कर्त्तव्य और रोगी की स्वायत्तता के सम्मान के बीच संतुलन होना** चाहयि। उन्हें अनैच्छकि भोजन जैसे मुद्दों पर भी ध्यान देना चाहयि, जो जटलि नैतकि प्रश्न उठाते हैं।
- **जन जागरूकता और शक्षिा:** समाज को **भूख हड़ताल के नैतकि नहितिार्थों के बारे में शक्षिति कयिा जाना** चाहयि। इसमें व्यक्ति के लयि संभावति परणािमों, समुदाय पर प्रभाव और वरिोध के वैकल्पकि रूपों की तलाश करने के महत्त्व को समझना शामलि है।
- **कानूनी ढाँचा:** सरकारों को **भूख हड़ताल को नयिंत्रति करने के लयि वशिष्टि कानूनी ढाँचा वकिसति करने पर वचिार करना** चाहयि। इसमें मध्यस्थता, नैतकि समीक्षा और भूख हड़ताल करने वालों के अधकिारों की सुरक्षा के प्रावधान शामलि हो सकते हैं, साथ ही सार्वजनकि सुरक्षा सुनश्चिति की जा सकती है।
- **सकारात्मक प्रोत्साहन:** भूख हड़ताल के नकारात्मक परणािमों पर पूरी तरह ध्यान केंद्रति करने के बजाय, **नीतयिों को शांतपूिर्ण वरिोध और संवाद के लयि सकारात्मक प्रोत्साहन** को बढ़ावा देना चाहयि। इसमें मध्यस्थता सेवाओं, **नागरकि समाज संगठनों तथा रचनात्मक जुड़ाव हेतु मंचों का समर्थन** शामलि हो सकता है।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

**प्रश्न.** भूख हड़ताल से जुड़ी नैतिक दुविधाओं पर चर्चा कीजिये। भूख हड़ताल करने वालों की शिकायतों का समाधान करते समय अधिकारियों को इन चिंताओं को कैसे संतुलित करना चाहिये?

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न. भारतीय संविधान के अंतर्गत धन का केंद्रीकरण किसका उल्लंघन करता है? (2021)**

(a) समता का अधिकार
(b) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व
(c) स्वातंत्र्य का अधिकार
(d) कल्याण की अवधारणा

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित मूल अधिकारों के किस संवर्ग में अस्पृश्यता के रूप में किये गए विभेदन के विरुद्ध संरक्षण समाविष्ट है? (2020)**

(a) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(b) स्वतंत्रता का अधिकार
(c) संवैधानिक उपचार का अधिकार
(d) समता का अधिकार

**उत्तर: (d)**

---

### ??????:

**प्रश्न. संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के संविधानों में समता के अधिकार की धारणा की विशिष्ट विशेषताओं का विश्लेषण कीजिये। (2021)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hunger-strikes-as-a-tool-of-protest